# नमूने का प्रश्न–पत्र

## विषय–लेखाशास्त्र

## कक्षा–XII

समय– 3.15 घण्टे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांक 80 अंक

---

सामान्य निर्देश :

1. प्रत्येक प्रश्न करना अनिवार्य है। अंक प्रश्न के सामने अंकित है।
2. प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है– ' अ' तथा 'ब'। 'अ' में 23 प्रश्न है जिसके 22 वें प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है तथा खण्ड 'ब' में भी विकल्प है। परीक्षार्थी खण्ड 'ब' के किसी भी एक विकल्प का चयन कर उस खण्ड के सभी 7 प्रश्नों को हल कर सकते है।
3. कृपया जांच लें कि प्रश्न–पत्र के मुद्रित पृष्ठों तथा प्रश्नों की संख्या सही है।

---

### भाग – अ

1. त्याग अनुपात क्या है ? 1

2. ख्याति क्या है ? 1

3 नये साझेदार के प्रवेश पर संचय एवं संचित लाभ–हानि का समायोजन किस अनुपात में किया जाता है? 1

4. अवकाश प्राप्त साझेदार की मृत्यु पर उसके वार्षिकी खाते के शेष का क्या किया जाता है ? 1

5 किसी फर्म की पुस्तकों में ख्याति ₹24,000 दर्शायी गयी है जबकि इसका वर्तमान मूल्य ₹40,000 आँका गया है। नए साझेदार से 1/4 हिस्से हेतु ख्याति की कितनी राशि ली जायेगी ? 1

6 आरक्षित पूँजी क्या है ? 1

7. कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत एक सार्वजनिक कम्पनी कितने प्रकार के अंश निर्गमित कर सकती है ? 1

8. ऋणपत्रों के शोधन से आप क्या समझते हैं ? 1

9 एक साझेदार की वर्ष के अन्त में पूँजी ₹50,000 थी। वर्ष के लाभों में हिस्सा ₹25,000 था तथा उसके द्वारा आहरण ₹12,500 का किया गया। वर्ष के प्रारम्भ में पूँजी ज्ञात कीजिए ? 2

10 अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय राशि के भुगतान की पद्धतियों को लिखिए। 2

11. स्मरणार्थ पुनर्मूल्यांकन खाता क्या है ? 2

12. लेखांकन मान 26 को समझाइए। 2

13. अंशों के निर्गमन से क्या आशय है ? 2

14. ऋणपत्र क्या है ? इसकी विशेषताएँ बताइए। 2

15. साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 में दिये गये कोई चार प्रावधान बताइए। ? 4

16. 'के' और 'एम' 3:2 के अनुपात में लाभ–हानि विभाजित करते हुए साझेदार है।। उन्होंने 'आर' को लाभों में 1/10 भाग के लिए प्रवेश दिया जिसे न्यूनतम ₹12,000 की गारण्टी दी गयी। 'के' और 'एम' पूर्व की भाँति ही लाभ–हानि का विभाजन जारी रखेंगे। फर्म का उस वर्ष का लाभ ₹60,000 था। साझेदारों के मध्य लाभ का बँटवारा दिखाइए। यदि गारण्टी केवल 'के' द्वारा दी जाती है। 4

17 पीयूष और दीपिका 7 : 3 के अनुपात में लाभों को बाँटते हुए साझेदार है। वे सीमा को नये साझेदार के रूप में प्रवेश देते हैं, जो लाभ के 1/5 हिस्से के लिए ₹4,000 प्रीमियम देती है। लाभ–हानि अनुपात 5 : 3 : 2 हैं। रोजनामचा में प्रविष्टि कीजिए। 4

www.rajteachers.com

18. वसूली व्ययों के सन्दर्भ में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए–

(1) वसूली पर व्यय ₹ 2,500 हुए।

(2) वसूली पर व्यय ₹ 3,000 जिनका भुगतान साझेदार 'अशोक' ने किया।

(3) वसूली पर व्यय ₹ 2,000 जिसे साझेदार 'अवि' ने व्यक्तिगत रूप से वहन किया। 4

19 एक्स लिमिटेड ने ₹ 10 वाले 20,000 समता अंश 10% कटौती (डिस्काउंट) पर निर्गमित किए। आवेदन पर ₹ 2, आवंटन पर ₹ 3 तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना पर ₹ 5 चुकाना था। मिस्टर वाई जो 1,000 अंशों के धारक थे, ने याचना पर देय राशि नहीं चुकाई और उनके अंश कम्पनी द्वारा जब्त कर लिए गए। कटौती आबंटन पर दिया जाना था। प्रविष्टियाँ दिखाइए। 4

20. अंशों के हरण से क्या आशय है ? अंशों का हरण कैसे किया जाता है ? 4

21 निम्नलिखित की जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए– 4

(a) ऋणपत्र का ₹ 95 पर निर्गमन, ₹ 100 पर शोधनीय।

(b) ऋणपत्र का ₹ 95 पर निर्गमन, ₹ 105 पर शोधनीय।

(c) ऋणपत्र का ₹ 100 पर निर्गमन, ₹ 105 पर शोधनीय।

(d) ऋणपत्र का ₹ 105 पर निर्गमन, ₹ 100 पर शोधनीय।

नोट – प्रत्येक ऋणपत्र का सममूल्य ₹100 है।

22 ए, बी और सी 2 : 3 : 5 के अनुपात में लाभ और हानियाँ को बाँटते हुए साझेदार है। 31 मार्च, 2012 को उनका निम्नलिखित आर्थिक चिट्ठा था –

| Liabilities | Amount | Assets | Amount |
|---|---|---|---|
| | Rs. | | Rs. |
| पूँजी खाते (Capital Accounts) | | नकद (Cash) | 18,000 |
| A 36,000 | | प्राप्त विपत्र (Bills Receivable) | 24,000 |
| B 44,000 | | फर्नीचर (Furniture) | 28,000 |
| C 52,000 | 1,32,000 | रहतिया (Stock) | 44,000 |
| लेनदार (Creditors) | 64,000 | देनदार (Debtors) | 42,000 |
| देय विपत्र (Bills Payable) | 32,000 | विनियोग (Investment) | 32,000 |
| लाभ–हानि खाता | 14,000 | मशीनरी (Machinery) | 34,000 |
| (Profit and Loss Accounts) | | ख्याति (Goodwill) | 20,000 |
| | 2,42,000 | | 2,42,000 |

www.rajteachers.com

वे D को साझेदारी में निम्नलिखित शर्तों पर प्रवेश देते है – 6

(a) फर्नीचर विनियोग और मशीनरी को 15% से ह्रासित किया जाएगा।

(b) स्टॉक का मूल्यांकन 48,000 ₹ है।

(c) अदत्त किराया 1,800 ₹ है।

(d) पूर्वदत्त वेतन 800 ₹ है।

(e) D फर्म के भविष्य के लाभों के 1/6 हिस्से के लिए 32,000 ₹ पूँजी और 60,000 ₹ ख्याति नकद लाता है।

(f) साझेदारों का पूँजी खाता उनके लाभ विभाजन अनुपात में D की पूँजी को आधार मानते हुए होगा। साझेदारों की पूँजी का समायोजन नकद के द्वारा किया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते, रोकड़ खाता तथा नई फर्म का आर्थिक चिट्ठा बनाइए।

**अथवा**

अ, ब और स क्रमशः 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ और हानियों का विभाजन करते हुए साझेदारी व्यवसाय का संचालन कर रहे थे। 31 मार्च, 2012 को फर्म का आर्थिक चिट्ठा निम्नलिखित था–

| Liabilities | | Amount | Assets | Amount |
|---|---|---|---|---|
| | | Rs. | | Rs. |
| लेनदार (Creditors) | | 13,590 | नकद (Cash) | 4,700 |
| पूँजी खाते (Capital Accounts) | | | देनदार (Debtors) | 8,000 |
| A | 15,000 | | रहतिया (Stock) | 11,690 |
| B | 10,000 | | भवन (Buildings) | 23,000 |
| C | 10,000 | 35,000 | भूमि (Land) | 1,01,200 |
| दीर्घकालीन ऋण (Long-term Loan) | | 1,00,000 | | |
| | | 1,48,590 | | 1,48,590 |

'ब' उपर्युक्त तिथि को निम्नलिखित शर्तो पर अवकाश ले लेता है–

(i) भवन में ₹ 7,000 से अभिवृद्धि करनी है। (ii) देनदारों पर 5% संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान करना है।

(iii) फर्म की ख्याति ₹ 18,000 मूल्यांकित की गई है और ख्याति खाता खोले बिना ही इसका चालू खातों से समायोजन करना है।

(iv) ब को तुरन्त ₹ 3000 देना है और उसके पूँजी खाता के शेष को उसके ऋण खाता में हस्तान्तरण कर देना है। पुनर्मूल्यांकन खाता, सभी साझेदारों के पूँजी खाते, रोकड़ खाता और ब के अवकाश ग्रहण करने के बाद फर्म का आर्थिक चिट्ठा बनाइए। 6

23. एक कम्पनी ने ₹ 100 वाले 50,000 समता अंश जनता में निर्गमित किये। अंशो पर राशि निम्न प्रकार देय थी–

(क) प्रार्थना–पत्र पर ₹ 30 (ख) बंटन पर ₹ 50 (₹ 10 प्रीमियम सहित), (ग) प्रथम एवं अंतिम मांग पर ₹ 30।

www.rajteachers.com

1,20,000 अंशों के लिए आवेदन–पत्र प्राप्त हुए। 20,000 अंशों के प्रार्थियों को कोई बंटन नहीं किया गया और उनकी आवेदन–राशि लौटा दी गयी। शेष प्रार्थियों को यथानुपात बंटन किया गया। राम ने जिसकों 500 अंशों का बंटन किया गया था, प्रथम तथा अन्तिम माँग की राशि नहीं चुकाई। अन्य सभी अंशधारियों ने समय पर भुगतान कर दिया। राम के अंश जब्त कर लिये गये और ₹ 80 प्रति अंश के हिसाब से श्याम को पूर्ण प्रदत्त रूप में पुनर्निर्गमित कर दिये गय। उपर्युक्त व्यवहारों की कम्पनी की पुस्तको में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

6

## भाग – ब

**परीक्षार्थी खण्ड – 'ब' के किसी एक विकल्प का चयन कर उस खण्ड के सभी 7 प्रश्नों को हल कर सकते हैं।**

1. रोकड़ तुल्यों से क्या आशय है ? 1

2 रोकड़ प्रवाह विवरण क्या जानकारी प्रदान करता है ? 1

3. चालू अनुपात 2 . 5 : 1 है। चालू परिसम्पत्तियाँ ₹ 50,000 और चालू दायित्व ₹ 20,000 है। अनुपात 2 : 1 लाने के लिए चालू परिसम्पत्तियों में निश्चित रूप से कितनी कमी लानी चाहिए ? 2

4. रोकड़ प्रवाह विवरण के सम्बन्ध मे लेखा मानक–3 पर प्रकाश डालिए। 2

5 निम्नलिखित सूचना से स्कन्ध आवर्त अनुपात की गणना कीजिए – 4

| | |
|---|---|
| प्रारम्भिक रहतिया (Opening Stock) | ₹ 18,000 |
| मजदूरी (wages) | ₹ 14,000 |
| अंतिम रहतिया (Closing Stock) | ₹ 22,000 |
| विक्रय (Sales) | ₹ 80,000 |
| आन्तरिक ढुलाई (Carriage inward) | ₹ 4,000 |
| क्रय (Purchase) | ₹ 46,000 |

6. निम्न से परोक्ष विधि द्वारा विनियोजन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह बताइए– 4

| | क्रय (₹) | विक्रय (₹) |
|---|---|---|
| प्लाण्ट (Plant) | 3,10,000 | 10,00,000 |
| विनियोग (Investment) | 1,20,000 | 40,000 |
| ख्याति (Goodwill) | 50,000 | ------ |
| पेटेन्ट (Patent) | ------- | 75,000 |

(i) विनियोगों पर ब्याज के प्राप्त हुए ₹ 4,000

(ii) ऋणपत्रों पर ₹ 7,500 ब्याज चुकाया।

(iii) अंशों पर लाभांश प्राप्त हुआ ₹ 10,000

(iv) समता अंशों पर लाभांश का भुगतान किया ₹ 12,500

7 निम्न सूचनाओं से समानाकार चिठ्ठा बनाइये – 6

| | 2012<br>Rs. | 2013<br>Rs. |
|---|---|---|
| स्थायी सम्पत्तियाँ (Fixed Assets) | 12,00,000 | 14,40,000 |
| विनियोग (Investment) | 2,00,000 | 2,00,000 |

www.rajteachers.com

| | | |
|---|---|---|
| चालू सम्पत्तियाँ (Current Assets) | 6,00,000 | 4,20,000 |
| समता अंश पूँजी @ 10 प्रति अंश (Equity share Capital of Rs. 10 each) | 8,00,000 | 8,00,000 |
| 7 % पूर्वाधिकार अंश @ 100 प्रति अंश (7% Preference Share Capital of Rs. 100 each) | 2,00,000 | 2,20,000 |
| संचय एवं आधिक्य (Reserve and Surplus) | 2,00,000 | 2, 40,000 |
| सुरक्षित ऋण (Secured Loans) | 4,00,000 | 3,60,000 |
| असुरक्षित ऋण (Unsecured Loans) | 2,00,000 | 2,40,000 |
| चालू दायित्व (Current Liabilities) | 1,60,000 | 1,76,000 |
| प्रावधान (Provisions) | 40,000 | 44,000 |

अथवा

वित्तीय विवरण विश्लेषण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

## अथवा (भाग–ब)

1. CAS का पूरा नाम लिखिए। 1

2 मानवीय लेखांकन पद्धति की दो विशेषताएँ क्या है ? 1

3. मानवीय व कम्प्यूटराइज्ड लेखांकन पद्धति में दो अन्तर बताइए। 2

4. Data Base की चार विशेषताऐं बताइये। 4

5. Data Base व Relational Data Base में दो अन्तर बताइये। 4

6. (i) एक टेबिल ''Student '' के सृजन के विभिन्न चरण लिखिए। 2+2=4

(ii) डी.बी.एम.एस. के चार कार्य लिखिए।

7. (i) स्प्रैड शीट के कॉमन एरर से क्या आशय है ? 2+2+2=6

(ii) एक्सल में पाईचार्ट बनाने के विभिन्न चरण लिखिए।

(iii) फॉर्मूला तथा फंक्शन में अन्तर कीजिए।

अथवा

स्प्रैडशीट से क्या आशय है ? उसके विभिन्न लक्षण बताइए।

www.rajteachers.com